Dabang Dunia (Indore), 10th November 2019, DD2, Page-8

# रक्तदान ही सबसे बड़ी मानव सेवा

## आईआईटी इंदौर में रक्तदान शिविर

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

रक्तदान करना इस धरती पर सबसे बड़ी मानव सेवा है, लेकिन दुर्भाग्यवश कई रोगियों को समय पर सुरक्षित रूप से रक्त नहीं मिल पाता है। ऐसे ही मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए आईआईटी में शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर आईआईटी इंदौर की टीम अवाना व आईआईटी इंदौर और एमवाय की मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। टीम अवाना छात्रों का एक समूह है, जो समाज कल्याण गतिविधियों से आमजन की सहायता करता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस सेवा कार्य में हिस्सा लिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान कब करें, किस तरह करें व अन्य जानकारियां दी गईं।